भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 476 का उत्तर

कानपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस का ठहराव

476. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मल्लावाँ रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12469/12470 कानपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (सुपरफास्ट) का ठहराव प्रदान करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) जम्मू तवी आने-जाने वाले मल्लावाँ क्षेत्र के निवासियों के जनहित को ध्यान में रखते हुए रेलगाड़ी संख्या 12469/12470 कानपुर-जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव मल्लावाँ रेलवे स्टेशन पर कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): मल्लावाँ स्टेशन वर्तमान में 4 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, जो अन्य बातों के साथ-साथ कानपुर, उन्नाव, सीतापुर आदि जैसे शहरों को संपर्कता प्रदान करता है।

12469/12470 कानपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस का बालमऊ, मल्लावाँ के पास निर्धारित ठहराव है। इसके अतिरिक्त, खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफार्म की लंबाई आदि जैसी एकसमान अवसंरचना की उपलब्धता सहित रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करता है।

****